<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–29 जून 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा, नीट के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने किया हंगामा। सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित।
- शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट परीक्षार्थियों को दिया भरोसा। कहा– दोषियों के खिलाफ की जायेगी सख्त कार्रवाई।
- मैन्युफैक्चर्ड सैंड को प्राकृतिक बालू और मौरंग का विकल्प बनायेगी प्रदेश सरकार। नीति बनाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की समीक्षा बैठक।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने की यूजीसी नेट परीक्षा की नई तारीखों की घोषणा। दस जुलाई से चार सितम्बर के बीच होंगी अलग–अलग परीक्षायें।

**********

मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा –नीट के मुद्दे को लेकर संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने काफी हंगामा किया। इसके चलते दोनो सदनों की कार्यवाही सोमवार ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। कल जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस सदस्यों ने नीट के मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और अन्य सदस्य आसन के नजदीक आ गए। अध्यक्ष ओम बिडला ने कहा, इस मुद्दे पर विचार के लिए एक समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान इस मुद्दे को उठा सकते हैं। हंगामा बढ़ता देख सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इससे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि वे विद्यार्थियों को संदेश देना चाहते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और इस पर चर्चा होनी चाहिए।

नीट के मुद्दे पर राज्यसभा में भी हंगामा हुआ। उत्तेजित सदस्यों के साथ, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी इस मुद्दे पर विरोध करते हुए सभापति के आसन के पास आ गए। सभापति जगदीप धनखड़ ने श्री खरगे के आचरण पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि विपक्ष के नेता आसन के पास आये। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

**********

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल नीट परीक्षार्थियों को आश्वासन दिया कि मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि सभी दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

***मैं विद्यार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूं देशवासियों को आश्वसस्त करना चाहता हूं कड़ी से कड़ी कार्रवाई हम करने वाले हैं वे सारे कार्यक्रम शुरू हो गये" सीबइआई की गाज गिरने वाली है, जो भी लोग इसके तहत हम किसी को नहीं छोड़ेगे। आगे परीक्षा की सुरक्षा के लिये एक विश्वसनीय उच्च स्तरीय समिति बनाई गई राधा कृष्णन जी के नेतृत्व में। इसरो के पूर्व चेयरमैन की अध्यक्ष्वता में जो परीक्षाओं की विसंगति आई है, जल्द ही उन लोगों की परीक्षा भी एनटीए घोषित कर देगा।***

उधर, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए में सुधारों की सिफारिश के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति ने छात्रों और अभिभावकों से सुधार और पुनर्गठन पर सुझाव मांगे हैं। समिति का नेतृत्व इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन कर रहे हैं। समिति मायगव वेबसाइट के माध्यम से सात जुलाई तक सुझाव और प्रतिक्रियाएं स्वीकार करेगी। समिति को दो महीने के भीतर शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है, जिसमें परीक्षा प्रक्रिया और डेटा सुरक्षा प्रणाली में सुधार तथा एनटीए की संरचना और कार्यशैली पर सिफारिशें की जाएंगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात का यह पहला कार्यक्रम होगा। इसे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा।

**********

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू होंगे। नये आपराधिक कानूनों के तहत भारतीय कानून प्रणाली में छोटे अपराधों के लिये सामुदायिक सेवा की शुरूआत एक क्रांतिकारी कदम है। यह सेवा की प्रकृति को स्वीकृत किये जाने वाले अपराध से जोड़ता है। यह अपराधी को उनके कार्यों के लिये जिम्मेदारी प्रदान करता है ओर कारावास की व्यवस्था पर बोझ को कम करता है। भारतीय न्याय संहिता के अनुसार पांच हजार रुपये से कम के अपराध के लिय संपत्ति की चोरी की पहली सजा, अवैध व्यापार में लोक सेवकों की संलिप्तता, शराबी

व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थान पर दुराचार और मानहानि जैसे मामलों में अपराधी सामुदायिक सेवा के पात्र होंगे। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार का कहना है कि नया कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के रास्ते खोलेगा। उन्होंने कहा कि एक जुलाई से लागू हो रहे नये कानूनों को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राकृतिक बालू और मौरंग के स्थान पर मैन्यूफैक्चर्ड सैंड यानी एम सैंड को प्रोत्साहित करने के लिये नीति बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। कल लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि एम सैंड पर्यावरण और नदियों के संरक्षण के लिये एक बेहतर विकल्प साबित होगा। उन्होंने कहा कि एम सैंड को बालू और मौरंग का विकल्प बनाये जाने पर रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने खनन विभाग की प्रस्तावित नीति पर भी चर्चा की और खनन पट्टाधारकों की सुविधा के लिये ई परिवहन परमिट जिलों से ही जारी करने के निर्देश दिये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज डीबीटी के माध्यम से प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के बैंक खातों में बारह–बारह सौ रूपये की धनराशि भेजेंगे। अभिभावक इस धनराशि से अपने बच्चों के लिए स्कूली यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, स्टेशनरी और बैग खरीद सकेगें। धनराशि जारी करने का यह कार्यक्रम आज लखनऊ के लोकभवन सभागार में ग्यारह बजे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रदेश के एक सौ पैंसठ उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका इण्टर कॉलेजों के भवनों का भी लोकापर्ण करेंगे।

**********

पहली बारिश में अयोध्या के रामपथ की कुछ जगहों पर सड़क धसने के मामले में प्रदेश सरकार ने सख्त रूख अपनाया है। मामले में लोक निर्माण विभाग और जल निगम के दो अधिशासी अभियंता, दो सहायक अभियंता और दो अवर अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही सड़क निर्माण की कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी की गयी है।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा, यूजीसी–नेट की नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एजेंसी द्वारा जारी सूचना के अनुसार कम्प्यूटर आधारित नेशनल कॉमन इंट्रेंस टेस्ट, एनसीईटी परीक्षा दस जुलाई से तथा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद–सीएसआईआर की संयुक्त यूजीसी नेट परीक्षा पच्चीस जुलाई से सत्ताइस जुलाई तक होगी जबकि जून दो हजार चौबीस के लिये प्रस्तावित यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन इक्कीस अगस्त से चार सितम्बर के बीच किया जायेगा। वहीं, अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा छः जुलाई को होगी।

**********

महान राष्ट्रभक्त महाराणा प्रताप के अनन्य सहयोगी दानवीर भामाशाह की जयंती को आज प्रदेश सरकार के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी जनपदों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर के चुनिन्दा व्यापारियों को सम्मानित किया जाएगा। व्यापारी कल्याण दिवस मनाने को लेकर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सभी जिलाधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश जारी किये हैं।

**********

वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में बढ़ती भीड़ को देखते हुए काशीवासियों को अब अलग द्वार से प्रवेश की अनुमति मिलेगी। यह सुविधा सावन माह शुरू होने से पहले मिलने लगेगी। इसे लेकर प्रशासन की तरफ से तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

**********

प्रदेश के कई ज़िलों में कल हुयी बारिश और तेज हवाओं से मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश के पैंतालीस से अधिक जनपदों में आज बारिश हो सकती है। विभाग की ओर से जिन जनपदों के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, इनमें लखीमपुर खीरी, हरदोई, मैनपुरी, लखनऊ, अयोध्या, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, जालौन, बांदा, सीतापुर और पीलीभीत समेत अन्य जनपद शामिल हैं। इस बीच, प्रदेश के राहत आयुक्त जी.एस. नवीन कुमार ने बारिश की स्थिति से अवगत करते हुए बताया है कि प्रदेश के सभी तटबंध सुरक्षित हैं और कहीं भी चिन्ताजनक परिस्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोई भी नदी खतरे के जलस्तर से ऊपर नहीं बह रही है।

**********